**एड्स, तपेदिक और मलेरिया से लड़ने के लिए वैश्विक-कोष (जीएफएटीएम) हेतु इंडिया कंट्री कोआर्डिनेशन मेकेनिज़्म (सीसीएम) सचिवालय**

*****

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली में स्थित जीएफएटीएम के आईसीसीएम सचिवालय की भारत सीसीएम वेबसाइट के विकास और रखरखाव के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

अनुबंध शुरू में 1 वर्ष की अवधि के लिए हस्ताक्षरित किया जाएगा। वेबसाइट का अनुबंध संतोषजनक प्रदर्शन और आपसी सहमति के अधीन आगे नवीकरणीय है। कार्य के दायरे के साथ कोटेशन के लिए विस्तृत आमंत्रण नीचे संलग्न है।

दस्तावेज़ में मांगे गए विवरण के अनुसार प्रस्ताव को सहायक दस्तावेजों के साथ भारत सीसीएम सचिवालय को ईमेल और हार्ड कॉपी के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 5th अप्रैल, 2022 है।

फा.सं. जैड-28015/90/2015-आईएच

एड्स, तपेदिक तथा मलेरिया से लड़ने के लिए वैश्विक-कोष (जीएफएटीएम) हेतु इंडिया कंट्री को-आर्डिनेशन मेकेनिज़म (सीसीएम) सचिवालय

****

निर्माण भवन, नई दिल्ली

तारीख: 15 मार्च, 2022

**इंडिया कंट्री को-आर्डिनेशन मेकेनिज़म (आई-सीसीएम) की वेबसाइट के रख-रखाव के लिए आमंत्रण-निविदा(क्योटेशन)**

1. एड्स, तपेदिक तथा मलेरिया से लड़ने के लिए वैश्विक ग्लोबल (जीएफएटीएम) ने इंडिया कंट्री को-आर्डिनेटिंग मेकेनिज़म (इंडिया सीसीएम) की स्थापना की है और इसका सचिवालय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली में स्थापित किया गया है। जीएफएटीएम द्वारा इंडिया सीसीएम के कार्यचालन के लिए, इंडिया सीसीएम सचिवालय को निधियां आबंटित कर दी गई हैं।

   इंडिया सीसीएम वेबसाइट वर्तमान में 'www.india-ccm.in' डोमेन नाम से कार्य कर रहा है और इसकी संविदा ३१ मई , २०२२ को समाप्त हो रही है। इंडिया सीसीएम वेबसाइट इंडिया सीसीएम के नियमित कार्यकलापों के ब्यौरे, देश को प्राप्त हुए अनुदान के ब्यौरे और इंडिया सीसीएम के सदस्यों के ब्यौरे तथा शासन-नियमावली प्रदर्शित करती है।

   इंडिया सीसीएम सचिवालय का अभिप्राय संविदा के तहत पात्र भुगतानों के लिए अपनी कोष राशि का हिस्सा प्रदान करना है जिसके लिए क्वोटेशनों हेतु यह आमंत्रण जारी किया जा रहा है।

2. **कार्य-क्षेत्र** में वेबसाइट को होस्ट करना, वेबसाइट विषयवस्तु अपलोड करना (डाक्यूमेंट, एक्सल्स अथवा पीडीएफ फाइलें/पाठ/ग्राफिक्स/विडियोज़ का रख-रखाव करना, नियमित इंडिया सीसीएम रिपोर्टों को शामिल करना, नई विशेषताओं को शामिल करना, वर्तमान वेबसाइट का संवर्धन करना शामिल है, वेबसाइट में सुरक्षा सुनिश्चित करने की अनुपालना क्रियान्वित की जाती है।
   चुनी हुई एजेंसी एक वर्ष के लिए एप्लीकेशन को तैयार करने, होस्ट करने तथा रख-रखाव के लिए उत्तरदायी होगी। वेन्डर विद्यमान वेन्डर से इंडिया सीसीएम से संबंधित जानकारी तथा सूचना को पूरी तरह से अधिकार में लेने के लिए भी उत्तरदायी होगा। एएमसी की अवधि के दौरान वेबसाइट पर 90 प्रतिशत अपटाइम सुनिश्चित किया जाएगा।

3. वेन्डर वेबसाइट की आईपीआर इंडिया सीसीएम को उपलब्ध कराएगा अर्थात् तैयार की गई वेबसाइट इंडिया सीसीएम की संपत्ति होगी।

4. पात्रता/अर्हता मानदंड

क) सेवा प्रदाता द्वारा गत तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक वर्ष के दौरान कम-से-कम 3 क्लाईंट्स को ऐसी ही सेवा (वेबसाइट का रख-रखाव अथवा पोर्टल का विकास)प्रदान की गई हो।

ख) सहायक दल एचटीएमएल, जेएसपी, पीडीएफ, आरडीबीएमएस फ्लैश, एप्लेट्स, सर्व-लेट्स, एक्सएमएल और विषयवस्तु प्रबंधन टूल्स में दक्ष होना चाहिए। प्रमुख सहायक दल के सदस्यों का सीवी क्वोटेशन के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. सभी बोलीदाताओं को क्वोटेशन के साथ सेवा-कर पंजीकरण, पैन की प्रति तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की गई गत 3 वर्ष की वित्तीय लेखा-परीक्षा रिपोर्टें संलग्न करनी होंगी।

6. **<u>बोली का मूल्य</u>**

क. यह संविदा अनुलग्नक-। में यथा-वर्णित पूरी सेवाओं के लिए होगी। सुधार, यदि कोई हो तो वह काट कर आद्यक्षर करके, तारीख डाल कर तथा उसे पुन: लिख कर दिया जाएगा।

ख. संविदा के तहत सेवा-प्रदाता द्वारा देय सभी ड्यूटी, कर और अन्य लेवी कुल मूल्य में शामिल की जाएगी।

ग. बोलीदाता द्वारा उद्धृत की गई राशि संविदा की अवधि के लिए नियत कर दी जाएगी और यह किसी भी खाते में समायोजन के अध्यधीन नहीं होगी।

घ. मूल्य केवल भारतीय रूपए में ही उद्धृत किया जाना चाहिए।

7. प्रत्येक बोलीदाता केवल एक क्वोटेशन ही भेजेगा।

8.**<u>क्वोटेशन की वैधता</u>**

क्वोटेशन प्रस्तुति के लिए निर्दिष्ट अनतिम तारीख के बाद 90 दिन की अवधि तक वैध रहेगी।

9.**<u>क्वोटेशन का मूल्यांकन</u>**

क्लाईंट केवल उन्हीं बोलियों/क्वोटेशनों का ही मूल्यांकन तथा तुलना करेगा जो तकनीकी प्राचलों (पैरामीटर्स)/वर्णित सेवाओं पर यथेष्ट रूप से उत्तरदाई होनी निर्धारित की गई हों तथा वे उपयुक्त रूप से हस्ताक्षरित हों।

10.**<u>संविदा प्रदान करना</u>**

क्लाईंट संविदा उस बोलीदाता को प्रदान करेगा जिनकी क्वोटेशन यथेष्ट रूप से उत्तरदाई

निर्धारित की गई है और जिसने कम-से-कम मूल्यांकित क्वोटेशन मूल्य की पेशकश की है।

- उपर्युक्त के बावजूद, क्लाईंट के पास संविदा प्रदान करने से पहले किसी क्वोटेशन को स्वीकार करने अथवा अस्वीकृत करने और बोली की प्रक्रिया को रद्द करने तथा सभी क्वोटेशन किसी भी समय अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।
- जिस बोलीदाता की बोली स्वीकृत कर ली जाती है, उसे क्वोटेशन वैधता अवधि के समाप्त होने से पूर्व क्लाईंट द्वारा संविदा प्रदान किया जाना अधिसूचित कर दिया जाएगा। स्वीकृत किए गए प्रस्ताव की शर्तें कार्य-आदेश में शमिल की जाएंगी।

11.भुगतान तिमाही आधार पर तथा सीसीएम फोकल प्वाइंट द्वारा जारी की गई तिमाही के दौरान संतोषजनक सेवाएं प्रदान करने के प्रमाण-पत्र के आधार पर किया जाएगा।

12.संविदा को समाप्त किए जाने पर, वेन्डर इंडिया सीसीएम सचिवालय को दस्तावेजीकरण तथा स्रोत कोड हस्तांतरित करने के लिए उत्तरदायी होगा। चुने गए वेन्डर को एप्लीकेशन तथा परिनियोजन (डेपलायमेंट) का उपयुक्त दस्तावेजीकरण करना चाहिए एप्लीकेशन क्लाईंट (इंडिया सीसीएम सचिवालय) की सम्पतति होगी तथा वेन्डर को पूर्वसंकलित स्रोत कोड तथा डाटाबेस/डाटा उपलब्ध कराना चाहिए।

13.आपसे अनुरोध है कि अपना प्रस्ताव एक निर्धारित प्रपत्र में तथा सहायक दस्तावेज इलेक्ट्रोनिक रूप से और हार्ड कॉपी में इंडिया सीसीएम सचिवालय को भेजें। इलेक्ट्रोनिक कॉपी को ई-मेल आईडी iccmsect-mohfw@gov.in पर तथा इसकी हार्ड कॉपी व्यक्तिगत तौर पर अथवा त्वरित डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजें–इंडिया सीसीएम सचिवालय, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नौवीं मंजिल, चंद्रलोक भवन, नई दिल्ली. इंडिया सीसीएम सचिवालय को आवेदन भेजने की अंतिम तारीख पाँच **अप्रैल (5th April), 2022)** सांय 5:00 बजे तक है। कृपया नोट करें कि इस तारीख के बाद भेजे गए आवेदन सीसीएम सचिवालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

14.हमें आपकी क्वोटेशन की प्रतीक्षा रहेगी तथा इस परियोजना में अपनी रुचि प्रदर्शित करने के लिए धन्यवाद।

अनुलग्नक-I

क्वोटेशन प्रपत्र

| सेवाओं का विवरण | सेवा अवधि | कुल राशि |
|---|---|---|
| 1. वेबसाईट और फोल्डर एप्लिकेशन निर्धारित करना।<br>2. बैकअप/रिस्टोर डाटाबेस।<br>3. किसी संबंधित मुद्दे के लिए हॉस्टिंग के लिए संपर्क करना।<br>4. लाईफ सपोर्ट सुनिश्चित करना तथा सपोर्ट एक्सेस तैयार करना।<br>5. फ्रटेंड इंटरफेसेज को अद्यतन/इष्टम बनाना।<br>6. आई-सीसीएम फोल्डर अद्यतन सामग्री की डिजाइनिंग और कार्यान्वयन।<br>7. किसी प्रकार की ऑफ साइट हार्डवेयर सहायता।<br>8. हॉस्टिंग सर्वर पर किसी प्रकार की एंटीवायरस तथा मालवेयर सपोर्ट।<br>9. वेबसाईट को अद्यतन करने के लिए दस्तावेज (लिखित सामग्री/ग्राफिक्स/विडियो/एक्सएल सामग्री/पीडीएफ सामग्री) अपलोड करना।<br>10. मौजदा वेबसाईट में नई विशेषताएं जोड़ना/उनका संवर्धन।<br>11. रिपोर्ट किए गए मुद्दों के निपटान के लिए फोन/ई-मेल पर संसाधन उपलब्ध कराना तथा इसके विकास के लिए आगे कार्रवाई करना।<br>इनमें निम्नलिखित मुद्दे सम्मिलित हो सकते हैं:<br>क. वेब सर्वर का कार्य करना बंद हो जाना<br>ख. वेब एप्लिकेशन का त्रुटिपूर्ण कार्य करना<br>ग. डाटाबेस करप्ट होना | I वर्ष | |

कुल सकल लागत: ......................................रु.

हम क्वोटेशन हेतु आमंत्रण पत्र में विनिर्दिष्ट समयावधि के लिए ...................... (रुपए राशि अंकों में) ...............(रुपए राशि शब्दों में) की कुल निविदा राशि के लिए सेवाओं के विवरण के अनुसार सेवाएं उपलब्ध कराने पर अपनी सहमति देते हैं।

**सेवा प्रदाता के हस्ताक्षर**